# बिहार ग्रामीण शिक्षण योजना

भारत सरकार सोसायटी अधिनियम 21 /1860 के तहत व सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योग मंत्रालय तथा आयकर अधिनियम, 1961 की धारा 12A एवं 80G के तहत पंजीकृत संस्था, ISO 9001 :2015 प्रमाणित संस्था
राष्ट्रीय ग्रामीण/शहरी शिक्षा एवं रोजगार मिशन, उ० हि० ऑ० रि० फॉ० (बिहार)

बिहार में खुलेंगे 8053 शिक्षण केंद्र: शिक्षा के क्षेत्र में नई पहल, पुरुषो एवं महिलाओं को मिलेगा रोजगार

## शिक्षक/शिक्षिका, केंद्र विकास अधिकारी, सर्वेयर, केंद्र विकास प्रभारी एवं केंद्र विकास कार्यपालक

मैट्रिक, इंटर, स्नातक पास सभी उम्मीदवारों के लिए

**आवेदन करने हेतु www.uphaarharfoundation.in पर विजिट करे**

आवेदन की तिथि: 18 फरवरी 2025 से 25 मार्च 2025 तक

**बिहार ग्रामीण शिक्षण योजना** के अंतर्गत संपूर्ण बिहार में "उपहार शिक्षण केंद्र" स्थापित किए जाएंगे, जहाँ 3 से 14 वर्ष तक के बच्चों को विद्यालय के पश्चात उत्तम एवं गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान की जाएगी। इस पहल का मुख्य उद्देश्य बच्चों की शैक्षणिक गुणवत्ता को सुदृढ़ करना है, जिससे वे अपने उज्ज्वल भविष्य की ओर आत्मविश्वास के साथ अग्रसर हो सकें।इस योजना के सफल संचालन हेतु उ० हि० ऑ० रि० फॉ०, प्रखंड एवं पंचायत स्तर पर शिक्षक/शिक्षिका, केंद्र विकास अधिकारी, सर्वेयर, केंद्र विकास प्रभारी एवं केंद्र विकास कार्यपालक के पदों के लिए आवेदन आमंत्रित करता है।

**चयन प्रक्रिया:**

✓ प्रथम चरण में आवेदन पत्रों का ऑनलाइन सत्यापन किया जाएगा। तत्पश्चात, आवेदन की समीक्षा होगी, और जिन अभ्यर्थियों के आवेदन मानकों के अनुरूप पाए जाएंगे, उन्हें लिखित परीक्षा के लिए आमंत्रित किया जाएगा।

✓ सभी श्रेणियों (अनारक्षित/आरक्षित) के अभ्यर्थियों को लिखित परीक्षा में न्यूनतम 45% अंक प्राप्त करने होंगे। असफल रहने वाले अभ्यर्थी अयोग्य (Disqualified) माने जाएंगे, और उन्हें साक्षात्कार में सम्मिलित होने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

✓ लिखित परीक्षा केवल योग्यता (Qualifying) के लिए आवश्यक होगी, लेकिन यह अंतिम मेरिट सूची का आधार नहीं बनेगी। अभ्यर्थियों को साक्षात्कार में भाग लेना और उसमें सफल होना अनिवार्य होगा।

✓ लिखित परीक्षा में सफल उम्मीदवारों को निर्धारित (1:5) अनुपात में साक्षात्कार के लिए आमंत्रित किया जाएगा। अंतिम चयन सूची दोनों चरणों— लिखित परीक्षा और साक्षात्कार में प्राप्त अंकों के आधार पर तैयार की जाएगी।

**विभिन्न पदों पर आवेदन हेतु पात्रता:**

**1.1 केंद्र विकास अधिकारी पद पर आवेदन हेतु पात्रता:**
अभ्यर्थियों को शैक्षणिक योग्यता (स्नातक) अथवा समकक्ष शैक्षणिक योग्यता एवं दो वर्षों का कार्य अनुभव तथा संगठनात्मक ज्ञान व अंग्रेजी भाषा का ज्ञान।

**1.2 केंद्र विकास प्रभारी पद पर आवेदन हेतु पात्रता:**
अभ्यर्थियों को शैक्षणिक योग्यता (10+2) उत्तीर्ण अथवा बिहार राज्य सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त समकक्ष शैक्षणिक योग्यता बिहार राज्य मदरसा बोर्ड द्वारा निर्मित मौलवी अथवा बिहार के संस्कृत बोर्ड द्वारा निर्मित शास्त्री (अंग्रेजी सहित अथवा)

**1.3 केंद्र विकास कार्यालय पद पर आवेदन हेतु पात्रता:**
अभ्यर्थियों को शैक्षणिक योग्यता (10+2) उत्तीर्ण अथवा बिहार राज्य सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त समकक्ष शैक्षणिक योग्यता बिहार राज्य मदरसा बोर्ड द्वारा निर्मित मौलवी अथवा बिहार के संस्कृत बोर्ड द्वारा निर्मित शास्त्री (अंग्रेजी सहित अथवा)।

**1.4 सर्वेक्षक पद पर आवेदन हेतु पात्रता:**
अभ्यर्थियों को शैक्षणिक योग्यता मैट्रिक उत्तीर्ण अथवा बिहार राज्य मदरसा बोर्ड द्वारा निर्मित फोकानिया प्रमाण पत्र।

**1.5 शिक्षक/शिक्षिका पद पर आवेदन हेतु पात्रता:**
अभ्यर्थियों को शैक्षणिक योग्यता (10+2) उत्तीर्ण अथवा बिहार राज्य सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त समकक्ष शैक्षणिक योग्यता बिहार राज्य मदरसा बोर्ड द्वारा निर्मित मौलवी अथवा बिहार के संस्कृत बोर्ड द्वारा निर्मित शास्त्री (अंग्रेजी सहित अथवा)।

**2. अभ्यर्थियों की उम्र (01/01/2025) को:**

**2.1** सामान्य (अनारक्षित) कोटे के पुरुषों एवं महिलाओं के लिए न्यूनतम उम्र -18 वर्ष, अधिकतम उम्र -45 वर्ष। पिछड़ा वर्ग / कोटे एवं अत्यंत पिछड़ा वर्ग / कोटे के पुरुषों के लिए न्यूनतम उम्र 18 वर्ष और अधिकतम उम्र 48 वर्ष।

**2.2** पिछड़ा वर्ग कोटे की महिलाओं के लिए न्यूनतम उम्र 18 वर्ष और अधिकतम उम्र 49 वर्ष।

**2.3** अनुसूचित जाति कोटे एवं अनुसूचित जन जाति कोटे के पुरुषों एवं महिलाओं के लिए न्यूनतम उम्र 18 और अधिकतम उम्र 48 वर्ष।

**3. नियुक्ति की प्रक्रिया**

**प्रथम चरण लिखित परीक्षा**

आवेदन पत्रों के संग्रहण के उपरांत आवेदन पत्रों की समीक्षा की जाएगी एवं जिन अभ्यर्थियों के आवेदन पत्र सही पाए जाएंगे उनके लिए लिखित परीक्षा आयोजित की जाएगी। लिखित परीक्षा में पूछे जाने वाले प्रश्नों का स्तर बिहार विद्यालय परीक्षा समिति के Xth और XIIth स्तर एवं पद अनुसार होगा। सामान्य ज्ञान एवं अन्य विषयों से संबंधित प्रश्न बहुविकल्पीय (ऑब्जेक्टिव) प्रकार के होंगे। लिखित परीक्षा 100 अंकों की होगी एवं परीक्षा की अवधि 2 घंटों की होगी। जिसमें प्रत्येक सही उत्तर के लिए 1 अंक दिए होंगे। जो अभ्यर्थी लिखित परीक्षा में कुल अंक का न्यूनतम 45 प्रतिशत अंक प्राप्त करने में असफल रहेंगे वे निष्कासित (Disqualified) घोषित किए जाएंगे। लिखित परीक्षा अंतिम चयन सूची का आधार नहीं होगा।

लिखित परीक्षा केवल साक्षात्कार परीक्षा के लिए अर्हक होगी। लिखित परीक्षा में प्राप्त अंकों के आधार पर विज्ञापित रिक्तियों के 1.5 गुना में तय अभ्यर्थी कोटे के लिए अभ्यर्थियों का चयन साक्षात्कार परीक्षा हेतु किया जाएगा। लिखित परीक्षा के आधार पर चयनित अभ्यर्थियों को साक्षात्कार परीक्षा में सम्मिलित होना अनिवार्य होगा।

**4. आरक्षण**

महिलाओं के लिए आरक्षण के प्रावधानों के अनुसार 2 प्रतिशत पिछड़े वर्ग की महिलाओं के लिए आरक्षित वर्ग के शेष 25 प्रतिशत पदों के विरुद्ध 25 प्रतिशत पद प्रत्येक आरक्षित एवं अनारक्षित कोटे में अलग - अलग महिलाओं के लिए होंगे। तथा महिला अभ्यर्थियों की अनुपलब्धता की स्थिति में उसी वर्ष में संगत कोटे (आरक्षित / गैर आरक्षित) के पुरुष उम्मीदवारों को भरा जा सकेगा।

**5. बिहार राज्य के स्वतंत्रता सेनानी के संबंधियों (पोता/पोती/नाती/नातिन) के लिए प्रावधान:**

बिहार राज्य के स्वतंत्रता सेनानी जिन्हें केंद्र सरकार द्वारा पेंशन स्वीकृत है के पोता/पोती/नाती/नातिन को राज्य सरकार के सेवाओं में नियुक्त में 1 प्रतिशत क्षैतिज आरक्षण का प्रावधान किया गया है। चयनित उम्मीदवार जिस आरक्षित / गैर आरक्षित वर्ग से संबंधित होंगे उनकी गिनती उसी आरक्षित कोटे (आरक्षित / गैर आरक्षित) के अभ्यर्थियों के रूप में की जाएगी। तदनुसार उनके लिए आरक्षित (सामान्य) कोटे के अभ्यर्थियों के लिए निर्धारित आयु सीमा तथा अन्य अहर्ताएं लागू होंगी।

**6. कट ऑफ तिथि**

यहाँ यह स्पष्ट किया जाता है कि सभी आरक्षित कोटे के अभ्यर्थी एवं अभ्यर्थियों के लिए आयु सीमा, शैक्षणिक योग्यता एव प्रशिक्षण की तिथि के लिए कट ऑफ तिथि **1 जनवरी 2025** निर्धारित की जाती है।

**7. ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया**

विभिन्न पदों पर चयन हेतु ऑनलाइन आवेदन पत्र फॉर्म की प्रक्रिया अपनाई गई है। दिनांक **18-02-2025** से ऑनलाइन आवेदन पत्र भरने की प्रक्रिया प्रारंभ की जाएगी। विस्तृत प्रक्रिया की जानकारी के संबंध में वेबसाइट **www.uphaarharfoundation.in** विस्तारित रूप से बताया गया है। सभी अभ्यर्थियों को निर्धारित मूल्य पर परीक्षा शुल्क के रूप में ऑनलाइन आवेदन पत्र जमा करना होगा। ऑनलाइन आवेदन पत्र की प्रक्रिया में आवेदन पत्र का मूल्य भुगतान के माध्यम से प्राप्त किया जाएगा।

/2/25

सभी जाति के अभ्यर्थियों के लिए विभिन्न पदों पर अलग - अलग आवेदन पत्र का मूल्य है:

- केंद्र विकास कार्यपालक (Centre Development Executive) - ₹200/-
- केंद्र विकास प्रभारी (Centre Development Incharge) - ₹350/-
- केंद्र विकास अधिकारी (Centre Development Officer) - ₹400/-
- सर्वेक्षक (Surveyor) - ₹250/-
- शिक्षक/शिक्षिका (Teacher) - ₹250/-

उपर्युक्त राशि के अतिरिक्त **ऑनलाइन ट्रांजेक्शन (Online Transaction)** से संबंधित **प्रोसेसिंग चार्ज (Processing Charge)** अलग से उपर्युक्त राशि में शामिल होगा। ऑनलाइन भुगतान करना अनिवार्य होगा।

**8. ऑनलाइन आवेदन पत्र भरने के लिए आवश्यक निर्देश**

ऑनलाइन आवेदन पत्र भरने के लिए वेबसाइट पर आवश्यक दिशा निर्देश उपलब्ध हैं। अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि आवेदन पत्र भरने के पूर्व उपलब्ध दिशा-निर्देश को भली-भांति अध्ययन करें। यदि आवेदन पत्र भरने में कोई समस्या, सही-अधिक या कोई अन्य जानकारी गलत भरी गई है तो विभाग उसके लिए उत्तरदायी नहीं होगा।

ऑनलाइन आवेदन पत्र भरने के लिए **आवश्यक कड़ियों (Links)** का उपयोग करें:

- वेबसाइट पर **"Apply"** टैब/लिंक पर क्लिक करें।
- "Apply" लिंक पर क्लिक करने के पश्चात आवेदन पत्र भरने की प्रक्रिया प्रारंभ हो जाएगी।
- **"Click here for Apply"** लिंक पर क्लिक करने के बाद ऑनलाइन आवेदन पत्र भरने की प्रक्रिया शुरू की जा सकती है।

ऑनलाइन आवेदन पत्र भरने की प्रक्रिया में सर्वप्रथम अभ्यर्थी को **पंजीकरण (Registration)** करना आवश्यक होगा। इस क्रम में अभ्यर्थी को **पद चयन** करना होगा एवं **मोबाइल नंबर एवं ई-मेल आईडी** का उपयोग करके **रजिस्टर (Register)** करना होगा।

- **यूजर आईडी (User ID) / पंजीकरण आईडी (Registration ID) और पासवर्ड (Password)** प्राप्त करने के बाद अभ्यर्थी लॉगिन करके आवेदन पत्र भर सकेंगे।
- पंजीकरण के उपरांत अभ्यर्थी द्वारा भरे गए मोबाइल नंबर तथा ई-मेल आईडी पर आवेदन पत्र का विवरण भेजा जाएगा।
- शुल्क के भुगतान संबंधित अन्य महत्वपूर्ण सूचना अभ्यर्थी के ई-मेल आईडी पर भेजी जाएगी।

**एक मोबाइल नंबर और ई-मेल आईडी से केवल एक आवेदन पत्र भरा जा सकता है।** आवेदन पत्र भरते समय मोबाइल फोन और ई-मेल आईडी अभ्यर्थी के पास होनी चाहिए क्योंकि उसी मोबाइल नंबर और ई-मेल आईडी पर एसएमएस/ईमेल के माध्यम से **User ID / Registration ID और Password** भेजा जाएगा।

**9. महत्वपूर्ण निर्देश**

(क) आवेदन पत्र भरने से पूर्व अभ्यर्थी सुनिश्चित कर लें कि वे दिनांक **01 जनवरी 2025** को निर्धारित आयुसीमा, शैक्षिक योग्यता या प्रशिक्षण आदि सभी पात्रता को पूर्ण करते हैं।

(ख) एक अभ्यर्थी द्वारा मात्र एक ही आवेदन पत्र भरा जा सकता है।

(ग) यदि किसी एक अभ्यर्थी द्वारा एक से अधिक आवेदन पत्र भरे जाने की स्थिति में, उनके सभी आवेदन पत्रों को अस्वीकृत कर दिया जाएगा।

(घ) यदि अभ्यर्थी फर्जी नाम या पता के आधार पर आवेदन पत्र भरेंगे, तो उनकी पात्रता रद्द कर दी जाएगी एवं उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

(ङ) अभ्यर्थी 10वीं की बोर्ड परीक्षा के मूल प्रमाण पत्र के आधार पर अपने आवेदन पत्र में जन्म तिथि को सही-सही उल्लिखित करें।

(च) आवेदन पत्र में अभ्यर्थी अपना नाम, पिता/पति का नाम, पता आदि सभी सूचनाएं सही-सही भरें। प्रमाण पत्रों से मिलान के समय यदि इनमें भिन्नता पाई जाती है तो आवेदन/अभ्यर्थिता को अस्वीकृत कर दिया जाएगा।

(छ) आवेदन पत्र में यदि गलत आवेदन डाल अथवा कोई प्रमाण पत्र प्रविष्ट करते हैं, तो उनकी उम्मीदवारी रद्द कर दी जाएगी। ऐसे अभ्यर्थी, आवश्यक हो तो, यह देख लें कि वे किस वर्ग अथवा जाति में हैं। आरक्षित वर्ग के अभ्यर्थियों को आवश्यक प्रमाण पत्र

(जाति एवं कोटा) जमा करना अनिवार्य होगा। जाति से संबंधित जानकारी प्राप्त करने हेतु प्रशासन विभाग, बिहार सरकार की वेबसाइट http://gad.bih.nic.in/ पर समय-समय पर जारी दस्तावेजों एवं आदेशों का अवश्य अध्ययन करें।

(ज) भारत सरकार सोसाइटी अधिनियम 21/1860 के अंतर्गत उ० हि० ऑ० रि० फॉ० का बिहार पदों एवं सेवाओं की रिक्तियों में आरक्षण के प्रावधानानुसार विभिन्न आरक्षण कोटे की रिक्तियों की संख्या उ० हि० ऑ० रि० फॉ० के मुख्यालय द्वारा उपलब्ध कराई जाएगी। लिखित परीक्षा में सफल होने के बाद सभी जाति के अभ्यर्थियों को साक्षात्कार और दस्तावेज जाँच के लिए अलग से शुल्क देना होगा।

(झ) आवेदन पत्र भरने के पश्चात डाउनलोड किए हुए पीडीएफ को अपने पास अवश्य सुरक्षित रखें। इसे विभाग में भेजने की कोई आवश्यकता नहीं है। 10वीं और 12वीं के प्रमाण पत्र प्रस्तुत करते समय आवेदन पत्र की छायाप्रति संलग्न करें।

## 11. कार्य विवरण

### 11.1 केंद्र विकास कार्यपालक, केंद्र विकास प्रभारी और सर्वेक्षक का कार्य

उपहार शिक्षण केंद्र को विधिवत रूप से शिक्षा मिशन को गांव-गांव तक पहुंचाना है। बच्चों और उनके अभिभावकों को शिक्षा के लिए जागरूक करना है। कोशिश रहेगी कि सरकारी और प्राइवेट स्कूल की जानकारी एवं उपहार शिक्षण केंद्र का प्रचार-प्रसार करें तथा भारत सरकार और राज्य सरकार की योजनाओं को लोगों तक पहुंचाना। जरूरत के अनुसार अन्य कार्य करना है।

### 11.2 शिक्षक/शिक्षिका का कार्य

- उपहार शिक्षण केंद्र पंजीकृत होने के 10 दिनों के भीतर कम से कम 15-15 बच्चों का 4 बैच तैयार करना।
- उपहार शिक्षण केंद्र में बच्चों का नामांकन कराना।
- प्रतिदिन बच्चों की Attendance लेना और समय से पढ़ाना।
- अन्य जरूरत के अनुसार अन्य कार्य करना।

### 11.3 केंद्र विकास अधिकारी का कार्य

- प्रतिनिधि केंद्र विकास कार्यपालक, केंद्र विकास प्रभारी, सर्वेक्षक और शिक्षक/शिक्षिका के कार्य का विवरण लेना तथा नए उपहार शिक्षण केंद्र की विधिवत देखरेख करना।
- समय-समय पर कार्यकर्ताओं को उत्साहित और प्रशिक्षण देना।
- अन्य जरूरत के अनुसार अन्य कार्य करना।

## 10. पदों का नाम/योग्यता/कार्य अनुभव/आयु और वेतन की सूची

| क्र० सं० | पद | योग्यता | आयु | वेतन |
|---|---|---|---|---|
| 1 | शिक्षक/शिक्षिका | 12वीं पास | 18-49 | 6250.00 |
| 2 | केंद्र विकास अधिकारी | स्नातक पास | 20-49 | 35300.00 |
| 3 | सर्वेयर | 10वीं पास | 18-49 | 14550.00 |
| 4 | केंद्र विकास प्रभारी | 12वीं पास | 18-49 | 26750.00 |
| 5 | केंद्र विकास कार्यपालक | 12वीं पास | 18-48 | 16800.00 |

## 11. बिहार के जिलों में रिक्तियों की सूची

| जिला | शिक्षक/शिक्षिका | केंद्र विकास अधिकारी | सर्वेयर | केंद्र विकास प्रभारी | केंद्र विकास कार्यपालक |
|---|---|---|---|---|---|
| अररिया | 218 | 9 | 45 | 18 | 18 |
| अरवल | 65 | 5 | 25 | 10 | 10 |
| औरंगाबाद | 202 | 11 | 55 | 22 | 22 |
| बांका | 185 | 11 | 55 | 22 | 22 |
| बेगूसराय | 229 | 18 | 90 | 36 | 36 |
| कैमूर | 149 | 16 | 80 | 32 | 32 |
| भागलपुर | 242 | 14 | 70 | 28 | 28 |
| भोजपुर | 228 | 11 | 55 | 22 | 22 |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| बक्सर | 142 | 18 | 80 | 36 | 36 |
| दरभंगा | 324 | 27 | 135 | 54 | 54 |
| पूर्वी चंपारण | 405 | 24 | 120 | 48 | 48 |
| गया | 332 | 14 | 70 | 28 | 28 |
| गोपालगंज | 234 | 10 | 50 | 20 | 20 |
| जमुई | 153 | 7 | 35 | 14 | 14 |
| जहानाबाद | 93 | 11 | 55 | 22 | 22 |
| कटिहार | 238 | 16 | 80 | 32 | 32 |
| खगड़िया | 129 | 7 | 35 | 14 | 14 |
| किशनगंज | 126 | 7 | 35 | 14 | 14 |
| लखीसराय | 80 | 7 | 35 | 14 | 14 |
| मधेपुरा | 170 | 13 | 65 | 26 | 26 |
| मधुबनी | 399 | 21 | 105 | 42 | 42 |
| मुंगेर | 101 | 9 | 45 | 18 | 18 |
| मुजफ्फरपुर | 385 | 16 | 80 | 32 | 32 |
| नालंदा | 249 | 20 | 100 | 40 | 40 |
| नवादा | 187 | 14 | 70 | 28 | 28 |
| पटना | 322 | 23 | 115 | 46 | 46 |
| पूर्णिया | 255 | 14 | 70 | 28 | 28 |
| रोहतास | 245 | 19 | 95 | 38 | 38 |
| सहरसा | 151 | 10 | 50 | 20 | 20 |
| समस्तीपुर | 381 | 20 | 100 | 40 | 40 |
| सारण | 323 | 20 | 100 | 40 | 40 |
| शेखपुरा | 54 | 6 | 30 | 12 | 12 |
| शिवहर | 53 | 5 | 25 | 10 | 10 |
| सीतामढ़ी | 273 | 17 | 85 | 34 | 34 |
| सिवान | 293 | 19 | 95 | 38 | 38 |
| सुपौल | 181 | 11 | 55 | 22 | 22 |
| वैशाली | 291 | 16 | 80 | 32 | 32 |
| पश्चिमी चंपारण | 315 | 18 | 90 | 36 | 36 |

**12. गलत / त्रुटिपूर्ण आवेदन में सुधार करना**

आवेदन पत्र भरने की प्रक्रिया के दौरान, भर जाने के बाद यदि अभ्यर्थी को लगता है कि उसका आवेदन पत्र गलत / त्रुटिपूर्ण भरा गया है और उसमें सुधार आवश्यक है, तो उसे नया आवेदन पत्र भरने की फिर से अनुमति नहीं मिलेगी। आवेदन पत्र में सुधार का केवल एक ही अवसर दिया जाएगा। इसके बाद किसी भी परिस्थिति में अभ्यर्थी आवेदन पत्र में सुधार नहीं कर सकेगा।

जो अभ्यर्थी आवेदन पत्र की अंतिम तिथि **25-03-2025** तक आवेदन पत्र भरेंगे, उन अभ्यर्थियों को आवेदन पत्र में सुधार का अवसर दिनांक **31-03-2025** तक ही दिया जाएगा।

आवेदन पत्र जमा करने की अंतिम तिथि के उपरांत सभी आवेदन पत्रों की जांच होगी। अभ्यर्थी का डेटाबेस बनाकर चयन से संबंधित आवश्यक कार्यवाही के लिए उन्हें प्रवेश पत्र ऑनलाइन जारी किया जाएगा। इस संबंध में विवरण समाचार पत्र एवं वेबसाइट पर समय-समय पर उपलब्ध सूचना माध्यमों द्वारा एसएमएस, ईमेल आदि से दी जाती रहेगी। अभ्यर्थी अपना पंजीकृत ईमेल और मोबाइल नंबर सही रखें।

यदि आवेदन करने में कोई समस्या हो, तो **info@uphaarharfoundation.in** पर लिखें।

**नई सुविधाएँ एवं विशेष प्रावधान:**

✓ ऑनलाइन आवेदन ट्रैकिंग सिस्टम: अब आप अपने आवेदन की स्थिति वेबसाइट पर लॉगिन करके देख सकते हैं।
✓ डिजिटल प्रवेश पत्र: चयनित अभ्यर्थियों को ईमेल और पोर्टल के माध्यम से डिजिटल प्रवेश पत्र उपलब्ध कराया जाएगा।

✓ एक बार जमा किया गया आवेदन शुल्क वापस नहीं किया जाएगा।

**नोट:** विज्ञापन संख्या BRPSA01/2022 के तहत चयनित अभ्यर्थियों को सीधे बिहार ग्रामीण शिक्षण योजना में समायोजित कर नियुक्त किया जाएगा, जिसके लिए 610 सीटें आरक्षित की गई हैं।

**संगठन/विभाग सर्वाधिकार सुरक्षित रखता है।** किसी भी आपातकालीन स्थिति में संगठन आवश्यकतानुसार नियमों में बदलाव कर सकती है।

**भारतीय प्रेस परिषद् (Press Council of India)**
विज्ञापन संख्या(Advt. No.): SCAP1401202515224882456 (https://www.presscouncil.nic.in/)
**उ० हि० अं० रि० फा० (विज्ञापन संख्या: BR/BGSY02/022025)**
विज्ञापन प्रकाशित समाचार-पत्र: हिंदुस्तान और दैनिक जागरण

**सचिव सह मुख्य कार्यकारी अधिकारी**
**राष्ट्रीय ग्रामीण/शहरी शिक्षा एवं रोजगार मिशन**
**उ० हि० अं० रि० फा० (बिहार)**

बिहार ग्रामीण शिक्षण योजना
BIHAR GRAMIN SHIKSHAN YOJNA